Test Booklet Code & Serial No.
प्रश्नपत्रिका कोड व क्रमांक

**D**

# Paper-II
# HINDI

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ..........................................

   (Name) ................................................

2. (Signature) ..........................................

   (Name) ................................................

Seat No. (In figures as in Admit Card)

Seat No. ............................................................ (In words)

OMR Sheet No. (To be filled by the Candidate)

**JUN - 02225**

**Time Allowed : 2 Hours]** **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **20** Number of Questions in this Booklet : **100**

**Instructions for the Candidates**

1. Write your Seat No. and OMR Sheet No. in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **100** objective type questions. Each question will carry *two* marks. *All* questions of Paper II will be compulsory.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to the student. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as follows :
   - (*i*) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal or open booklet.
   - (*ii*) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to missing pages/questions or questions repeated or not in serial order or any other discrepancy should not be accepted and correct booklet should be obtained from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given. The same may please be noted.
   - (*iii*) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each question has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** where (B) is the correct response.

   Following wrong methods should not be used as they are not recognised by scanning machine in digitized assessment. Candidate using such method will be responsible for their loss.

   WRONG METHODS


   

5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done at the end of this booklet.
8. If you write your Name, Seat Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry the Test Booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. Use only Blue/Black Ball point pen.
11. Use of any calculator or log table, etc., is prohibited.
12. There is no negative marking for incorrect answers.

**विद्यार्थ्यांसाठी महत्त्वाच्या सूचना**

1. परीक्षार्थींनी आपला आसन क्रमांक या पृष्ठावरील वरच्या कोपऱ्यात लिहावा. तसेच आपणांस दिलेल्या उत्तरपत्रिकेचा क्रमांक त्याखाली लिहावा.
2. सदर प्रश्नपत्रिकेत 100 बहुपर्यायी प्रश्न आहेत. प्रत्येक प्रश्नास **दोन** गुण आहेत. या प्रश्नपत्रिकेतील **सर्व** प्रश्न सोडविणे अनिवार्य आहे.
3. परीक्षा सुरू झाल्यावर विद्यार्थ्याला प्रश्नपत्रिका दिली जाईल. सुरुवातीच्या 5 मिनिटांमध्ये आपण सदर प्रश्नपत्रिका उघडून खालील बाबी अवश्य तपासून पहाव्यात.
   - (*i*) प्रश्नपत्रिका उघडण्यासाठी प्रश्नपत्रिकेवर लावलेले सील उघडावे. सील नसलेली किंवा सील उघडलेली प्रश्नपत्रिका स्वीकारू नये.
   - (*ii*) पहिल्या पृष्ठावर नमूद केल्याप्रमाणे प्रश्नपत्रिकेची एकूण पृष्ठे तसेच प्रश्नपत्रिकेतील एकूण प्रश्नांची संख्या पडताळून पहावी. पृष्ठे कमी असलेली/कमी प्रश्न असलेली/प्रश्नांचा चुकीचा क्रम असलेली किंवा इतर त्रुटी असलेली सदोष प्रश्नपत्रिका सुरुवातीच्या 5 मिनिटातच पर्यवेक्षकाला परत देऊन दुसरी प्रश्नपत्रिका मागवून घ्यावी. त्यानंतर प्रश्नपत्रिका बदलून मिळणार नाही तसेच वेळही वाढवून मिळणार नाही याची कृपया विद्यार्थ्यांनी नोंद घ्यावी.
   - (*iii*) वरीलप्रमाणे सर्व पडताळून पाहिल्यानंतरच प्रश्नपत्रिकेवर ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेचा नंबर लिहावा.
4. प्रत्येक प्रश्नासाठी (A), (B), (C) आणि (D) अशी चार विकल्प उत्तरे दिली आहेत. त्यातील योग्य उत्तराचा रकाना खाली दर्शविल्याप्रमाणे ठळकपणे काळा/निळा करावा.

   **उदा.** : जर (B) हे योग्य उत्तर असेल तर.

   खालील चुकीच्या पद्धती वापरू नये, कारण डिजिटाइज्ड (Digitized) मूल्यांकनात स्कॅनिंग मशीन त्यांना ओळखत नाही. त्या पद्धती वापरून नुकसान झाल्यास त्यास विद्यार्थीच जबाबदार असतील.

   WRONG METHODS

5. या प्रश्नपत्रिकेतील प्रश्नांची उत्तरे **ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेतच दर्शवावीत.** इतर ठिकाणी लिहिलेली उत्तरे तपासली जाणार नाहीत.
6. आत दिलेल्या सूचना काळजीपूर्वक वाचाव्यात.
7. प्रश्नपत्रिकेच्या शेवटी जोडलेल्या कोऱ्या पानावरच कच्चे काम करावे.
8. जर आपण ओ.एम.आर. वर नमूद केलेल्या ठिकाणाव्यतिरिक्त इतर कोठेही नाव, आसन क्रमांक, फोन नंबर किंवा ओळख पटेल अशी कोणतीही खूण केलेली आढळून आल्यास अथवा असभ्य भाषेचा वापर किंवा इतर गैरमार्गांचा अवलंब केल्यास विद्यार्थ्याला परीक्षेस अपात्र ठरविण्यात येईल.
9. परीक्षा संपल्यानंतर विद्यार्थ्याने मूळ ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिका पर्यवेक्षकांकडे परत करणे आवश्यक आहे. तथापि, प्रश्नपत्रिका व ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेची द्वितीय प्रत आपल्याबरोबर नेण्यास विद्यार्थ्यांना परवानगी आहे.
10. फक्त निळ्या किंवा काळ्या बॉल पेनचाच वापर करावा.
11. कॅलक्युलेटर किंवा लॉग टेबल वापरण्यास परवानगी नाही.
12. चुकीच्या उत्तरासाठी गुण कपात केली जाणार नाही.

# Hindi
## Paper II
# हिंदी
## प्रश्नपत्रिका II

**Time Allowed : 120 Minutes]** **[Maximum Marks : 200**

**सूचना :** इस प्रश्न-पत्र में **सौ (100)** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. ऐतिहासिक उपन्यासों का संगत वर्ग है :
   (A) गोदान, कंकाल, जहाज का पंछी, पुनर्नवा
   (B) शेखर : एक जीवनी, सेवासदन, मैला आँचल, कठगुलाब
   (C) वयं रक्षाम:, पुनर्नवा, मृगनयनी, बाणभट्ट की आत्मकथा
   (D) गोदान, वयं रक्षाम:, पुनर्नवा, मृगनयनी

2. मनोवैज्ञानिक उपन्यासों का संगत वर्ग है ?
   (A) परख, सुनीता, जहाज का पंछी, नदी के द्वीप
   (B) कंकाल, परख, जहाज का पंछी, नदी के द्वीप
   (C) गोदान, नदी के द्वीप, जहाज का पंछी, सुनीता
   (D) सेवासदन, नदी के द्वीप, जहाज का पंछी, परख

3. 'सिक्का बदल गया' कहानी में आए पात्रों का संगत वर्ग कौनसा है ?
   (A) बेगू पटवारी, मुल्ला इस्माइल, दाउदखान, हसैना
   (B) हसैना, शेरा, दाउदखान, जंगी
   (C) बेगू पटवारी, दाउदखान, हसैना, चंदा
   (D) दाउदखान, शेरा, हसैना, जगपती

4. 'अमृतसर आ गया' कहानी में आए स्टेशनों के नामों का संगत वर्ग कौनसा है ?
   (A) लुधियाना, वजीराबाद, हरबंशपुरा, अमृतसर
   (B) सिकरौल, वजीराबाद, हरबंशपुरा, अमृतसर
   (C) जेहलम, सिकरौल, वजीराबाद, अमृतसर
   (D) जेहलम, वजीराबाद, हरबंशपुरा, अमृतसर

5. निम्नलिखित में से सात्विक भावों का संगत वर्ग है :
   (A) स्वेद, वेपथु, अश्रु, वैवर्ण्य
   (B) उन्माद, आमर्ष, स्वेद, वैवर्ण्य
   (C) स्मृति, वेपथु, हर्ष, आवेग
   (D) शंका, निर्वेद, उन्माद, स्वेद

6. भरतमुनि द्वारा प्रतिपादित शरीर अभिनय का संगत वर्ग है :
   (A) सूचा, कांति, अंकुर, शाखा
   (B) वाक्य, भाव, हेला, शाखा
   (C) वाक्य, सूचा, अंकुर, शाखा
   (D) माधुर्य, वाक्य, अंकुर, कांति

7. निबंधकार और निबंधों का संगत वर्ग है :

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी—आलोक पर्व, रामचंद्र शुक्ल—चिंतामणी, विद्यानिवास मिश्र—तुम चंदन हम पानी, नामवर सिंह—संस्कृति और सौंदर्य

(B) विद्यानिवास मिश्र—आलोक पर्व, रामचंद्र शुक्ल—तुम चंदन हम पानी, हजारी प्रसाद द्विवेदी—चिंतामणी, नामवर सिंह—संस्कृति और सौंदर्य

(C) रामचंद्र शुक्ल—संस्कृति और सौंदर्य, विद्यानिवास मिश्र—चिंतामणी, हजारी प्रसाद द्विवेदी—आलोक पर्व, नामवर सिंह—तुम चंदन हम पानी

(D) नामवर सिंह— तुम चंदन हम पानी, हजारी प्रसाद द्विवेदी—चिंतामणी, विद्यानिवास मिश्र—संस्कृति और सौंदर्य, रामचंद्र शुक्ल—आलोक पर्व

8. कुबेरनाथ राय के ललित निबंधों का संगत वर्ग है :

(A) निषाद बांसुरी, भारतीय किरात, चिन्मय भारत, गंधमादन

(B) भारतीय किरात, शिवमूर्ति, कविता क्या है, गंधमादन

(C) गंधमादन, मजदूरी और प्रेम, संस्कृति और सौंदर्य, शिवमूर्ति

(D) भारतीय किरात, निषाद बांसुरी, शिवमूर्ति, गंधमादन

9. निम्नलिखित में 'मुर्दहिया' में संकलित अध्यायों का संगत वर्ग है :

(A) भुतही पारिवारिक पृष्ठभूमि, मुर्दहिया तथा स्कूली जीवन, अकाल में अंधविश्वास, मुर्दहिया के गिद्ध तथा लोक जीवन

(B) अकाल में अंधविश्वास, मुर्दहिया के गिद्ध तथा लोकजीवन, भूतनिया नागिन, मणिकर्णिका

(C) मुर्दहिया तथा स्कूली जीवन, जीवन की अंधी, अकाल में अंधविश्वास, मुर्दहिया के गिद्ध तथा लोक जीवन

(D) आपातकाल में, भुतही पारिवारिक पृष्ठभूमि, मुर्दहिया तथा स्कूली जीवन, अकाल में अंधविश्वास

10. निम्नलिखित में 'एक लेखक की डायरी' में संकलित निबंधों का संगत वर्ग है :

(A) वीरकर, विशिष्ट और अद्वितीय, तीसरा क्षण, एक मित्र की जन्म कुण्डली

(B) तीसरा क्षण, एक लंबी कविता का अंत, डबरे पर सूरज का बिंब, हाशिए पर कुछ नोट्स

(C) एक लंबी कविता का अंत, पहला क्षण, डबरे पर सूरज का बिंब, हाशिए पर कुछ नोट्स

(D) वीरकर, विशिष्ट और अद्वितीय, आखिरी बात, हाशिए पर कुछ नोट्स

11. निम्नलिखित अप्राणिवाचक स्त्रीलिंग संज्ञाओं का सही अनुक्रम पहचानिए :

(A) दरिया, दाता, रजनी, मूर्खता

(B) सजावट, आजीविका, कीमत, अदालत

(C) मित्र, परिवार, प्यास, विनाश

(D) पडाव, घर, सीख, भूख

12. लिपि के विकास का सही अनुक्रम है :
    (A) चित्र लिपि, सूत्र लिपि, भावमूलक लिपि, ध्वनि लिपि
    (B) सूत्र लिपि, हिब्रू लिपि, ध्वनि लिपि, भावमूलक लिपि
    (C) ध्वनि लिपि, भावमूलक लिपि, हिब्रू लिपि, सूत्र लिपि
    (D) सूत्र लिपि, चित्र लिपि, अरबी लिपि, भावमूलक लिपि
13. कालक्रम के अनुसार प्रेमचंद के उपन्यासों का सही अनुक्रम है :
    (A) कायाकल्प, गबन, कर्मभूमि, गोदान
    (B) सेवासदन, गबन, गोदान, कर्मभूमि
    (C) गबन, कायाकल्प, गोदान, कर्मभूमि
    (D) कर्मभूमि, गोदान, कायाकल्प, गबन
14. प्रकाशन वर्ष के अनुसार राहुल सांकृत्यायन की रचनाओं का सही अनुक्रम है :
    (A) सतमी के बच्चे, जीने के लिए, सिंह सेनापति, मधुर स्वप्न
    (B) जीने के लिए, सिंह सेनापति, मधुर स्वप्न, सतमी के बच्चे
    (C) सिंह सेनापति, जीने के लिए, मधुर स्वप्न, सतमी के बच्चे
    (D) मधुर स्वप्न, सिंह सेनापति, जीने के लिए, सतमी के बच्चे
15. टी. एस. इलियट की रचनाओं का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही क्रम है :
    (A) दि सेक्रेड वुड, पोयट्री एण्ड ड्रामा, एलिज़ाबेथियन एसेज़, आन पोयट्री एण्ड पोयट्स
    (B) एलिज़ाबेथियन एसेज़, दि सेक्रेड वुड, पोयट्री एण्ड ड्रामा, आन पोयट्री एण्ड पोयट्स
    (C) आन पोयट्री एण्ड पोयट्स, दि सेक्रेड वुड, एलिज़ाबेथियन एसेज़, पोयट्री एण्ड ड्रामा
    (D) दि सेक्रेड वुड, एलिज़ाबेथियन एसेज़, पोयट्री एण्ड ड्रामा, आन पोयट्री एण्ड पोयट्स
16. प्रकाशन वर्ष के अनुसार आई. ए. रिचर्ड्स की रचनाओं का सही अनुक्रम है :
    (A) दि प्रिंसिपल ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज्म, साइंस एण्ड पोयट्री, प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म, दि फिलॉसफी ऑफ रेटरिक
    (B) दि प्रिंसिपल ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज्म, साइंस एण्ड पोयट्री, दि फिलॉसफी ऑफ रेटरिक, प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म
    (C) दि प्रिंसिपल ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज्म, दि फिलॉसफी ऑफ रेटरिक, साइंस एण्ड पोयट्री, प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म
    (D) साइंस एण्ड पोयट्री, प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म, दि फिलॉसफी ऑफ रेटरिक, दि प्रिंसिपल ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज्म
17. जन्मकाल के अनुसार आलोचकों का सही अनुक्रम कौनसा है ?
    (A) श्यामसुंदर दास, महावीर प्रसाद द्विवेदी, नंददुलारे वाजपेयी, रामचंद्र शुक्ल
    (B) महावीर प्रसाद द्विवेदी, श्यामसुंदर दास, रामचंद्र शुक्ल, नंददुलारे वाजपेयी
    (C) रामचंद्र शुक्ल, श्यामसुंदर दास, महावीर प्रसाद द्विवेदी, नंददुलारे वाजपेयी
    (D) नंददुलारे वाजपेयी, श्यामसुंदर दास, रामचंद्र शुक्ल, महावीर प्रसाद द्विवेदी
18. मार्क्सवादी विचारकों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम है :
    (A) फ्रेड्रिक एंगेल्स, वी. आई. लेनिन, माओ-त्से-तुंग, कार्ल मार्क्स
    (B) कार्ल मार्क्स, फ्रेड्रिक एंगेल्स, वी. आई. लेनिन, माओ-त्से-तुंग
    (C) वी. आई. लेनिन, माओ-त्से-तुंग, फ्रेड्रिक एंगेल्स, कार्ल मार्क्स
    (D) माओ-त्से-तुंग, कार्ल मार्क्स, फ्रेड्रिक एंगेल्स, वी. आई. लेनिन

19. प्रकाशन वर्ष के अनुसार, निराला की निम्नलिखित काव्य-रचनाओं का सही अनुक्रम है :
    (A) अर्चना, आराधना, गीत कुंज, सांध्य काकली
    (B) सांध्य काकली, अर्चना, आराधना, गीत कुंज
    (C) गीत कुंज, सांध्य काकली, अर्चना, आराधना
    (D) आराधना, गीत कुंज, सांध्य काकली, अर्चना

20. प्रकाशन वर्ष के अनुसार, अज्ञेय की निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम है :
    (A) भग्नदूत, हरी घास पर क्षण भर, अरी ओ करुणा प्रभामय, कितनी नावों में कितनी बार
    (B) कितनी नावों में कितनी बार, भग्नदूत, हरी घास पर क्षण भर, अरी ओ करुणा प्रभामय
    (C) अरी ओ करुणा प्रभामय, कितनी नावों में कितनी बार, भग्नदूत, हरी घास पर क्षण भर
    (D) हरी घास पर क्षण भर, अरी ओ करुणा प्रभामय, कितनी नावों में कितनी बार, भग्नदूत

21. 'शेखर : एक जीवनी' के दूसरे खण्ड के शीर्षक का सही अनुक्रम है :
    (A) 'पुरुष और परिस्थिति', 'बंधन और जिज्ञासा', 'शशि और शेखर', 'धागे, रस्सियाँ, गुंझर'
    (B) 'धागे, रस्सियाँ, गुंझर', 'शशि और शेखर', 'बंधन और जिज्ञासा', 'पुरुष और परिस्थिति'
    (C) 'शशि और शेखर', 'बंधन और जिज्ञासा', 'पुरुष और परिस्थिति', 'धागे, रस्सियाँ और गुंझर'
    (D) 'बंधन और जिज्ञासा', 'पुरुष और परिस्थिति', 'धागे, रस्सियाँ और गुंझर', 'शशि और शेखर'

22. कालक्रमानुसार यशपाल के उपन्यासों का सही अनुक्रम है :
    (A) झूठा सच, दिव्या, पार्टी कामरेड, देशद्रोही
    (B) दिव्या, झूठा सच, पार्टी कामरेड, देशद्रोही
    (C) देशद्रोही, झूठा सच, दिव्या, पार्टी कामरेड
    (D) देशद्रोही, दिव्या, पार्टी कामरेड, झूठा सच

23. 'तीसरी कसम' कहानी में घटनाओं का सही अनुक्रम कौनसा है ?
    (A) पीठ की गुदगुदी, बाँस न लादने की कसम, चोरीबाजारी का माल लादना, तेगछिया के पास विश्राम
    (B) बाँस न लादने की कसम, चोरीबाजारी का माल लादना, पीठ की गुदगुदी, तेगछिया के पास विश्राम
    (C) चोरीबाजारी का माल लादना, बाँस न लादने की कसम, पीठ की गुदगुदी, तेगछिया के पास विश्राम
    (D) पीठ की गुदगुदी, चोरीबाजारी का माल लादना, बाँस न लादने की कसम, तेगछिया के पास विश्राम

24. प्रकाशन वर्ष के अनुसार कहानियों का सही क्रम कौनसा है ?
    (A) कानों में कंगना, चंद्रदेव से मेरी बातें, ईदगाह, उसने कहा था
    (B) उसने कहा था, चंद्रदेव से मेरी बातें, ईदगाह, कानों में कंगना
    (C) चंद्रदेव से मेरी बातें, कानों में कंगना, उसने कहा था, ईदगाह
    (D) उसने कहा था, कानों में कंगना, चंद्रदेव से मेरी बातें, ईदगाह

25. कालक्रमानुसार जयशंकर प्रसाद के नाटकों का सही अनुक्रम है :
   (A) राज्यश्री, अजातशत्रु, विशाखा, स्कंदगुप्त
   (B) विशाखा, अजातशत्रु, स्कंदगुप्त, राज्यश्री
   (C) राज्यश्री, विशाखा, अजातशत्रु, स्कंदगुप्त
   (D) विशाखा, राज्यश्री, स्कंदगुप्त, अजातशत्रु

26. कालक्रमानुसार उपेंद्रनाथ अश्क की एकांकी रचनाओं का सही क्रम है :
   (A) चरवाहे, सूखी डाली, पापी, लक्ष्मी का स्वागत
   (B) सूखी डाली, चरवाहे, लक्ष्मी का स्वागत, पापी
   (C) लक्ष्मी का स्वागत, पापी, चरवाहे, सूखी डाली
   (D) पापी, लक्ष्मी का स्वागत, चरवाहे, सूखी डाली

27. 'भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है' निबंध में वर्णित सूक्तियों का सही क्रम है :
   (A) तुम्हें गैरों से कब फुरसत, अजगर करे न चाकरी, अबकी चढ़ी कमान, शौक तिल्फी से मुझे गुल..
   (B) अजगर करे न चाकरी, अबकी चढ़ी कमान, तुम्हें गैरों से कब फुरसत, तिल्फी से मुझे गुल..
   (C) तिल्फी से मुझे गुल.., अबकी चढ़ी कमान, तुम्हें गैरों से कब फुरसत, अजगर करे न चाकरी
   (D) तुम्हें गैरों से कब फुरसत, अजगर करे न चाकरी, तिल्फी से मुझे कब फुरसत, अबकी चढ़ी कमान

28. 'शिवशंभु के चिट्ठे' निबंध में उद्धृत चिट्ठों का सही क्रम है :
   (A) लार्ड मिन्टो का स्वागत, मार्ली साहब के नाम, बंग विच्छेद, आशीर्वाद
   (B) बंग विच्छेद, लार्ड मिन्टो का स्वागत, मार्ली साहब के नाम, आशीर्वाद
   (C) मार्ली साहब के नाम, बंग विच्छेद, आशीर्वाद, लार्ड मिन्टो का स्वागत
   (D) आशीर्वाद, मार्ली साहब के नाम, बंग विच्छेद, लार्ड मिन्टो का स्वागत

29. निम्नलिखित यात्रा वर्णनों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम है :
   (A) अरे यायावर रहेगा याद, मेरी तिब्बत यात्रा, देश विदेश, एक बूँद सहसा उछली
   (B) मेरी तिब्बत यात्रा, अरे यायावर रहेगा याद, देश विदेश, एक बूँद सहसा उछली
   (C) एक बूँद सहसा उछली, मेरी तिब्बत यात्रा, देश विदेश, अरे यायावर रहेगा याद
   (D) मेरी तिब्बत यात्रा, एक बूँद सहसा उछली, अरे यायावर रहेगा याद, देश विदेश

30. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम है :
   (A) आवारा मसीहा, ठकुरी बाबा, अरे यायावर रहेगा याद, प्रेमचंद घर में
   (B) प्रेमचंद घर में, ठकुरी बाबा, आवारा मसीहा, अरे यायावर रहेगा याद
   (C) ठकुरी बाबा, प्रेमचंद घर में, अरे यायावर रहेगा याद, आवारा मसीहा
   (D) प्रेमचंद घर में, आवारा मसीहा, अरे यायावर रहेगा याद, ठकुरी बाबा

31. **स्थापना :** वाक् अवयवों से उच्चारित भाषा यादृच्छिक ध्वनि प्रतीकों की व्यवस्था है।

**तर्क :** विश्व की प्रत्येक भाषा का यादृच्छिक रूप मनमाना होता है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही है और तर्क गलत है

(D) तर्क सही है और स्थापना गलत है

32. **स्थापना :** प्रेम स्वरूप ईश्वर को सामने लाकर भक्त-कवियों ने हिंदुओं और मुसलमानों दोनों को मनुष्य के सामान्य रूप में दिखाया और भेदभाव के दृश्यों को हटाकर पीछे कर दिया।

**तर्क :** भेदभाव के दृश्यों को हटाना असंभव है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना सही, तर्क गलत है

(C) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(D) तर्क गलत और स्थापना सही है

33. **स्थापना :** उत्तर-आधुनिकता स्थितियों का बहुवचनवाद है।

**तर्क :** उत्तर-आधुनिकता की व्याप्ति जीवन के सभी क्षेत्रों में है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(B) स्थापना सही और तर्क गलत है

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

34. **स्थापना :** कॉडवेल के अनुसार कला के वास्तविक आस्वादन के लिए व्यक्ति का कलात्मक दृष्टि से सुसंस्कृत होना आवश्यक है।

**तर्क :** कला मनुष्य का मानसिक उन्नयन करती है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

35. **स्थापना :** खुसरो का ध्यान शास्त्र की भाषा की ओर अधिक था।

**तर्क :** खुसरो का लक्ष्य मनोरंजन था जिससे वे बोलचाल के शब्दों पर अधिक ध्यान देते थे।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना गलत और तर्क सही है

(D) स्थापना सही और तर्क गलत है

36. **स्थापना :** समकालीन भारतीय राजनीति की विडम्बनाओं और विकृतियों का अंकन आजादी के बाद के उपन्यासों का प्रमुख विषय रहा है।

**तर्क :** जातिगत एवं प्रादेशिक चेतना के बढ़ने से उपन्यासों में इस तरह की प्रवृत्तियाँ विकसित हुई हैं।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना एवं तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना सही एवं तर्क गलत है

(C) स्थापना गलत एवं तर्क सही है

(D) स्थापना एवं तर्क दोनों गलत हैं

37. **स्थापना :** मनुष्य का समस्त जीवन प्रतीकों से परिपूर्ण है।

**तर्क :** मनुष्य मूलत: प्रतीकों के माध्यम से ही सोचता है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(B) स्थापना गलत और तर्क सही है

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(D) स्थापना सही और तर्क गलत है

38. **स्थापना :** नाटक के संवाद अपनी मूल प्रकृति में वर्णनात्मक न होकर क्रियात्मक होते हैं।

**तर्क :** नाटक में वर्णनात्मक संवाद लिखे नहीं जाते हैं।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना सही और तर्क गलत है

(C) स्थापना गलत और तर्क सही है

(D) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

39. **स्थापना :** जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञानदशा कहलाती है उसी प्रकार हृदय की मुक्तावस्था रसदशा कहलाती है।

**तर्क :** रसानुभूति के लिए हृदय का मुक्त होना आवश्यक नहीं है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(B) स्थापना सही और तर्क गलत है

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(D) तर्क सही और स्थापना गलत है

40. **स्थापना :** देश भाषा के साहित्य को उत्तराधिकार में जिस प्रकार संस्कृत-साहित्य के कुछ संचित शब्द मिले हैं उसी प्रकार विचार और भावनाएँ भी मिली हैं।

**तर्क :** विचार और भावनाओं के लिए संचित शब्दों की आवश्यकता होती है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(C) स्थापना गलत और तर्क सही है

(D) तर्क गलत और स्थापना सही है

41. 'जयपुरी' बोली को दूसरे किस नाम से संबोधित किया जाता है ?

(A) अहिरवाती

(B) ढूँढाहडी

(C) अहिरी

(D) कौरवी

42. 'घोष' ध्वनियों का सही क्रम पहचानिए :

(A) क, ख, च, ट

(B) ग, घ, ङ, ज

(C) क, ख, य, प

(D) त, थ, च, छ

43. 'न' किस वर्ग का व्यंजन है ?

(A) ओष्ठ्य

(B) कंठ्य

(C) दन्त्य

(D) तालव्य

44. देव ने कौनसा ग्रंथ लिखा है ?
(A) भाव विलास
(B) सुजान विलास
(C) सुख विलास
(D) आत्म विलास

45. आलम किस सम्राट के समय के कवि थे ?
(A) अशोक
(B) चन्द्रगुप्त
(C) पृथ्वीराज
(D) अकबर

46. मीराबाई की कौनसी उपासना पद्धति थी ?
(A) माधुर्य भाव
(B) दास्य भाव
(C) लोक भाव
(D) साख्य भाव

47. 'द वेस्ट लैण्ड' के लेखक कौन हैं ?
(A) वर्ड्सवर्थ
(B) टी. एस. इलियट
(C) राबर्ट पेन वॉरेन
(D) एलेन टेट

48. अद्‌भुत एक अनुपम बाग।
जुगल कमल पर गजवर क्रीड़त, तापर सिंह करत अनुराग॥
इसमें कौनसा अलंकार है ?
(A) रूपकातिशयोक्ति
(B) संबंधातिशयोक्ति
(C) अक्रमातिशयोक्ति
(D) भेदकातिशयोक्ति

49. अनौचित्याद् ऋते नान्यद् रसभंगस्य कारणम्
औचित्योपनिबंधस्तु रसस्योपनिषत् परा
— ये पंक्तियाँ किसकी हैं ?
(A) आनन्दवर्धन
(B) क्षेमेन्द्र
(C) वामन
(D) कुन्तक

50. 'सम्पूर्ण स्थिति का सर्वाधिक आतंककारी पहलू यह है कि सारा हिंदी प्रेस व्यापारिक समुदाय के चंगुल में आ गया है'— यह किसका कथन है ?
(A) महात्मा गाँधी
(B) प्रेमचंद
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) रामचंद्र शुक्ल

51. किसका संबंध स्त्री विमर्श से नहीं है ?
(A) महादेवी वर्मा
(B) विद्यावती कोकिल
(C) चित्रा मुद्‌गल
(D) मैत्रेयी पुष्पा

52. सार्त्र के अनुसार मनुष्य की स्वतंत्रता का परिसीमन क्या नहीं करती ?
(A) मेरा चुनाव
(B) मेरा अतीत
(C) मेरा स्थान
(D) मेरा परिवेश

53. रामचरितमानस के उत्तरकाण्ड में सर्वाधिक विस्तार से किसकी कथा कही गई है ?
(A) कागभुशुण्डि
(B) गरुड़
(C) याज्ञवल्क्य
(D) शिव

54. 'साकेत' में कुल कितने सर्ग हैं ?
(A) 13
(B) 10
(C) 12
(D) 11

55. सुमित्रानंदन पंत की कविता 'परिवर्तन' उनके किस संग्रह में शामिल है ?
(A) पल्लव
(B) वीणा
(C) ग्रंथि
(D) लोकायतन

56. ''पुरानी पीढ़ी का यह विश्वास था कि हम बुद्धिमान हैं और हमारे बुद्धिमान हो चुकने के बाद दुनिया से बुद्धि नाम का तत्त्व खत्म हो गया है और नयी पीढ़ी के लिए उसका एक कतरा भी नहीं बचा है।'' यह उद्धरण किस उपन्यास का है ?
(A) मैला आँचल
(B) राग दरबारी
(C) शेखर : एक जीवनी
(D) आपका बंटी

57. ''इस उपन्यास को पढ़कर हम यह अनुभव करते हैं कि बड़े लोगों के स्वार्थों की पूर्ति करने वाली नीतियाँ जन साधारण के जीवन से खिलवाड़ करके बड़े-बड़े राष्ट्रों का इतिहास और भूगोल बदल लेती हैं।'' 'तमस' उपन्यास के संदर्भ में यह कथन किस आलोचक का है ?
(A) डॉ. रामचंद्र तिवारी
(B) डॉ. बच्चन सिंह
(C) डॉ. रामविलास शर्मा
(D) डॉ. नामवर सिंह

58. ''मानो विधाता ने शंख से खोदकर, मुक्ता से खींचकर, मृणाल से सँवारकर चन्द्रकिरणों के कूर्चक से प्रक्षालित कर, सुधाचूर्ण से धोकर, रजत-रज से पोंछकर, कुटज, कुन्द और सिन्धुवार पुष्पों की धवल कान्ति से सजाकर ही उसका निर्माण किया था।'' यह कथन किस उपन्यास का है ?
(A) गोदान
(B) बाणभट्ट की आत्मकथा
(C) परीक्षा गुरु
(D) त्यागपत्र

59. 'दुलाईवाली' कहानी के बंशीधर कहाँ के रहने वाले थे ?
(A) बनारस
(B) इलाहाबाद
(C) मिरजापुर
(D) मुगलसराय

60. 'उसने कहा था' कहानी में किस स्थान पर हो रहे युद्ध का वर्णन है ?
(A) जापान
(B) रूस
(C) जर्मनी
(D) भारत

61. 'तीसरी कसम' कहानी में हीराबाई ने हिरामन को भाड़े और दक्षिणा के कितने रुपये दिए ?

(A) पच्चीस रुपये

(B) पचास रुपये

(C) तीस रुपये

(D) सौ रुपये

62. इस सौंदर्य के सामने जीवन की सब सुविधाएँ हेय हैं। इसे आँखों में व्याप्त करने के लिए जीवन-भर का समय भी पर्याप्त नहीं। 'आषाढ़ का एक दिन' इस नाटक में यह संवाद किस पात्र द्वारा कहा गया है ?

(A) अंबिका

(B) कालिदास

(C) मल्लिका

(D) प्रियंगुमंजरी

63. 'तमाशा' शब्द किस भाषा का है ?

(A) हिंदी

(B) उर्दू

(C) फारसी

(D) अरबी

64. निम्नलिखित में से बंगाल का प्रसिद्ध लोक-नाट्य है :

(A) दशावतार

(B) गंभीरा

(C) यक्षगान

(D) कामनकोट्टु

65. 'मर्दुम-शुमारी का रिपोर्ट देखने से स्पष्ट होता है कि मनुष्य दिन-दिन यहाँ बढ़ते जाते हैं और रुपया दिन-दिन कमती होता जाता है।' प्रस्तुत वाक्य किस निबंध से उद्धृत है ?

(A) भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है

(B) संस्कृति और सौंदर्य

(C) मजदूरी और प्रेम

(D) कविता क्या है ?

66. मास्टर जगदीश बाबू निम्न में से किस निबंध का पात्र है ?

(A) मजदूरी और प्रेम

(B) शिवमूर्ति

(C) उठ जाग मुसाफिर

(D) संस्कृति और सौंदर्य

67. 'सौंदर्य बाहर की कोई वस्तु नहीं है, मन के भीतर की वस्तु है।' यह कथन किस निबंध का है ?

(A) संस्कृति और सौंदर्य

(B) कविता क्या है ?

(C) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है

(D) उत्तराफाल्गुनी के आस-पास

68. 'आवारा मसीहा' लिखने में कितना समय लगा था ?

(A) 13 साल

(B) 14 साल

(C) 15 साल

(D) 16 साल

69. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' आत्मकथा में लेखक अपने पिता के किस प्रकार के 'मानस पाठ' के वाचन का उल्लेख करते हैं ?

(A) सस्वर

(B) मौन

(C) गुनगुनाकर

(D) मुस्कुराकर

70. 'आपहुदरी' आत्मकथा में रमणिका गुप्ता की बेटी का नाम क्या है ?

(A) तनु

(B) तनासा

(C) तरंग

(D) रानी

71. निम्नलिखित समास-भेदों को उनके उदाहरणों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | समास | | उदाहरण |
|---|---|---|---|
| (*a*) | अव्ययीभाव समास | (*i*) | देशभक्ति |
| (*b*) | द्वंद्व समास | (*ii*) | आजीवन |
| (*c*) | बहुब्रीहि समास | (*iii*) | पाप-पुण्य |
| (*d*) | तत्पुरुष समास | (*iv*) | राजीवलोचन |
| | | (*v*) | हिमालय |

इनमें से **सही** विकल्प है :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) | (*ii*) |
| (B) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) |
| (C) | (*v*) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) |
| (D) | (*iv*) | (*v*) | (*ii*) | (*iii*) |

72. निम्नलिखित स्वर वर्णों का उनके उच्चारण स्थान से सुमेलन कीजिए :

| | उच्चारण स्थान | | स्वर (वर्ण) |
|---|---|---|---|
| (*a*) | संवृत्त स्वर | (*i*) | आ |
| (*b*) | अर्धसंवृत्त स्वर | (*ii*) | अ, ऑ, ए, औ |
| (*c*) | विवृत्त स्वर | (*iii*) | अ, आ |
| (*d*) | मध्य स्वर | (*iv*) | अँ, इँ, उँ, ऊँ, एँ |
| | | (*v*) | इ, ई, उ, ऊ |

इनमें से **सही** विकल्प है :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*v*) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) |
| (B) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) | (*v*) |
| (C) | (*ii*) | (*iv*) | (*v*) | (*iii*) |
| (D) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |

73. निम्नलिखित नाटकों को उनके प्रकाशन वर्ष के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | सज्जाद-सुंबुल | (*i*) | 1888 ई. |
| (*b*) | दुखिनी बाला | (*ii*) | 1884 ई. |
| (*c*) | मदन-मंजरी | (*iii*) | 1880 ई. |
| (*d*) | माधुरी | (*iv*) | 1877 ई. |
| | | (*v*) | 1866 ई. |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (B) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) |
| (C) | (*iv*) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) |
| (D) | (*iii*) | (*iv*) | (*ii*) | (*v*) |

74. निम्नलिखित कहानियों को उनके प्रकाशन वर्ष के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | ग्राम | (*i*) | 1913 ई. |
| (*b*) | पंच परमेश्वर | (*ii*) | 1915 ई. |
| (*c*) | उसने कहा था | (*iii*) | 1916 ई. |
| (*d*) | रक्षाबंधन | (*iv*) | 1911 ई. |
| | | (*v*) | 1910 ई. |

**सही** विकल्प कौनसा है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (B) | (*iv*) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) |
| (C) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (D) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) | (*v*) |

75. रससूत्र के व्याख्याकारों को उनके सिद्धांतों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | शंकुक | (*i*) | उत्पत्तिवाद |
| (*b*) | भट्ट लोल्लट | (*ii*) | भुक्तिवाद |
| (*c*) | अभिनवगुप्त | (*iii*) | अनुमितिवाद |
| (*d*) | भट्टनायक | (*iv*) | अभिव्यक्तिवाद |
| | | (*v*) | अभिव्यंजनावाद |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*v*) |
| (B) | (*iii*) | (*v*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (C) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (D) | (*iii*) | (*i*) | (*v*) | (*ii*) |

76. निम्नलिखित आचार्यों को उनके ग्रंथों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | भामह | (*i*) | काव्यालंकारसूत्र |
| (*b*) | दंडी | (*ii*) | काव्यालंकार |
| (*c*) | वामन | (*iii*) | ध्वन्यालोक |
| (*d*) | आनन्दवर्धन | (*iv*) | काव्यालंकार सार संग्रह |
| | | (*v*) | काव्यादर्श |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*v*) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) |
| (B) | (*iv*) | (*v*) | (*i*) | (*iii*) |
| (C) | (*ii*) | (*v*) | (*i*) | (*iv*) |
| (D) | (*ii*) | (*v*) | (*i*) | (*iii*) |

77. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | नाटक | (*i*) | जयशंकर प्रसाद |
| (*b*) | स्कंदगुप्त | (*ii*) | भारतेन्दु हरिश्चंद्र |
| (*c*) | महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिंदी नवजागरण | (*iii*) | डॉ. श्री नारायण चतुर्वेदी |
| (*d*) | आधुनिक हिंदी साहित्य का आदिकाल | (*iv*) | डॉ. रामविलास शर्मा |
| | | (*v*) | लक्ष्मीनारायण मिश्र |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (B) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (C) | (*iv*) | (*iii*) | (*ii*) | (*v*) |
| (D) | (*v*) | (*iv*) | (*i*) | (*ii*) |

78. निम्नलिखित प्रवृत्तियों को उनके सिद्धांतों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | अहिंसा | (*i*) | मार्क्सवाद |
| (*b*) | सीमाहीन खुलापन | (*ii*) | गांधीवाद |
| (*c*) | क्रांति का सिद्धांत | (*iii*) | उत्तर-आधुनिकतावाद |
| (*d*) | समाजवाद | (*iv*) | अस्तित्ववाद |
| | | (*v*) | लोहिया दर्शन |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) | (*v*) |
| (B) | (*v*) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) |
| (C) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (D) | (*iv*) | (*v*) | (*ii*) | (*iii*) |

79. निम्नलिखित रचनाकारों को उनके जन्म वर्ष के अनुसार सुमेलित कीजिए :

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (*a*) | जयशंकर प्रसाद | (*i*) | 1900 |
| (*b*) | निराला | (*ii*) | 1886 |
| (*c*) | सुमित्रानंदन पंत | (*iii*) | 1897 |
| (*d*) | मैथिलीशरण गुप्त | (*iv*) | 1889 |
| | | (*v*) | 1915 |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) |
| (B) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (C) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*v*) |
| (D) | (*i*) | (*ii*) | (*v*) | (*iv*) |

80. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) आप यकीन करें, उस समय मैं
चकत्तियों की जगह आँखें टांकता हूँ।

(*b*) गहन किंचित सफलता
अति भव्य असफलता

(*c*) जाने दो वह कवि कल्पित था
मैंने तो भीषण जाड़े में.....

(*d*) आओ बैठो क्षण भर तुम्हें निहारूँ
अपनी जानी एक-एक रेखा पहचानूँ।

**सूची II**

(*i*) मुक्तिबोध

(*ii*) नागार्जुन

(*iii*) धूमिल

(*iv*) निराला

(*v*) अज्ञेय

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) | (*v*) |
| (B) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*v*) |
| (C) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) | (*v*) |
| (D) | (*v*) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) |

81. निम्नलिखित उपन्यासकारों को उनके जन्म-मृत्यु के आधार पर सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | भीष्म साहनी | (*i*) | 1903-1976 |
| (*b*) | यशपाल | (*ii*) | 1907-1979 |
| (*c*) | हजारी प्रसाद द्विवेदी | (*iii*) | 1925-2011 |
| (*d*) | श्रीलाल शुक्ल | (*iv*) | 1915-2003 |
| | | (*v*) | 1900-2017 |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*v*) |
| (B) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*v*) |
| (C) | (*iv*) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) |
| (D) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |

82. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | भाग्यवती | (*i*) | लज्जाराम मेहता |
| (*b*) | नूतन ब्रह्मचारी | (*ii*) | अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' |
| (*c*) | अधखिला फूल | (*iii*) | श्रद्धाराम फुल्लौरी |
| (*d*) | आदर्श दम्पती | (*iv*) | बालकृष्ण भट्ट |
| | | (*v*) | लाला श्रीनिवासदास |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iv*) | (*v*) | (*iii*) | (*ii*) |
| (B) | (*iii*) | (*iv*) | (*ii*) | (*i*) |
| (C) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*v*) |
| (D) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) |

83. निम्नलिखित पात्रों को कहानियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | मालती | (*i*) | उसने कहा था |
| (*b*) | कीरत सिंह | (*ii*) | कानों में कँगना |
| (*c*) | बचन सिंह | (*iii*) | गैंग्रीन |
| (*d*) | किरन | (*iv*) | राजा निरबंसिया |
| | | (*v*) | चंद्रदेव से मेरी बातें |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) |
| (B) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (C) | (*ii*) | (*iii*) | (*v*) | (*iv*) |
| (D) | (*i*) | (*ii*) | (*iv*) | (*v*) |

84. निम्नलिखित कथनों को कहानियों से सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | ''बड़े जीवट वाले हो बाबू, दुबले-पतले हो, पर बड़े गुर्दे वाले हो।'' | (*i*) | आकाश दीप |
| (*b*) | ''जंगलात का लीसा ढो-ढो कर अपनी गुजर कर लूंगी। किसी की आँख का कांटा बनकर नहीं रहूँगी।'' | (*ii*) | अपना-अपना भाग्य |
| (*c*) | ''मैं तुम्हें घृणा करती हूँ फिर भी तुम्हारे लिए मर सकती हूँ। | (*iii*) | अमृतसर आ गया |
| (*d*) | हृदय में जितनी दया है, पास में उतने पैसे तो नहीं हैं। | (*iv*) | कोशी का घटवार |
| | | (*v*) | ईदगाह |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*iii*) | (*v*) | (*iv*) |
| (B) | (*iii*) | (*v*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (C) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) | (*ii*) |
| (D) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) |

85. निम्नलिखित लेखकों का उनको नाट्य-रचनाओं के साथ सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | दयानंद | (*i*) | प्रेमचंद |
| (*b*) | कर्बला | (*ii*) | सुदर्शन |
| (*c*) | महात्मा ईसा | (*iii*) | गोविंद बल्लभ पंत |
| (*d*) | प्रताप-प्रतिज्ञा | (*iv*) | पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' |
| | | (*v*) | जगन्नाथ प्रसाद 'मिलिंद' |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*v*) |
| (B) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*v*) |
| (C) | (*i*) | (*iii*) | (*v*) | (*iv*) |
| (D) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) | (*v*) |

86. निम्नलिखित जननाट्य परंपराओं को उनके प्रदेशों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | दोड्डाता | (*i*) | उत्तर बिहार |
| (*b*) | भाँडजश्न | (*ii*) | आसाम |
| (*c*) | अंकियानट | (*iii*) | काश्मीर |
| (*d*) | बिदापत नाच | (*iv*) | ओडिशा |
| | | (*v*) | कर्नाटक |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*v*) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) |
| (B) | (*iv*) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) |
| (C) | (*v*) | (*iv*) | (*ii*) | (*i*) |
| (D) | (*v*) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) |

87. निम्नलिखित निबंधों को उनमें वर्णित पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | संस्कृति और सौंदर्य | (*i*) | महारानी विक्टोरिया |
| (*b*) | दिल्ली दरबार दर्पण | (*ii*) | हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| (*c*) | मेरे राम का मुकुट भीग रहा है | (*iii*) | लार्ड कर्जन |
| (*d*) | शिवशंभु के चिट्ठे | (*iv*) | कौसल्या |
| | | (*v*) | जगदीश बाबू |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (B) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) | (*ii*) |
| (C) | (*v*) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) |
| (D) | (*iii*) | (*ii*) | (*v*) | (*iv*) |

88. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निबंधों को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | 1909 | (*i*) | नाखून क्यों बढ़ते हैं |
| (*b*) | 1951 | (*ii*) | मेरे राम का मुकुट भीग रहा है। |
| (*c*) | 1974 | (*iii*) | कविता क्या है |
| (*d*) | 1982 | (*iv*) | मजदूरी और प्रेम |
| | | (*v*) | संस्कृति और सौंदर्य |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*v*) | (*iii*) | (*i*) |
| (B) | (*i*) | (*iii*) | (*v*) | (*ii*) |
| (C) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) | (*v*) |
| (D) | (*v*) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) |

89. निम्नलिखित रचनाओं को पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | ठकुरी बाबा | (*i*) | बलदेव सिंह |
| (*b*) | माटी की मूरतें | (*ii*) | धीरजा |
| (*c*) | क्या भूलूँ क्या याद करूँ | (*iii*) | सढुआइन |
| (*d*) | मुर्दहिया | (*iv*) | हीरालाल |
| | | (*v*) | पन्नालाल |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (B) | (*ii*) | (*v*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (C) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) | (*ii*) |
| (D) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*v*) |

90. निम्नलिखित रचनाकारों को उनकी रचना के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | कृष्ण चंदर | (*i*) | भोलाराम का जीव |
| (*b*) | रामवृक्ष बेनीपुरी | (*ii*) | जामुन का पेड़ |
| (*c*) | अमृतलाल नागर | (*iii*) | माटी की मूरतें |
| (*d*) | हरिशंकर परसाई | (*iv*) | एक लेखक की डायरी |
| | | (*v*) | जिनके साथ जिया |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*v*) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (B) | (*ii*) | (*v*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (C) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (D) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) |

91. हिंदी भाषा के विकास का संगत वर्ग है :

(A) प्राकृत, संस्कृत, हिंदी, अपभ्रंश

(B) संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी

(C) अपभ्रंश, संस्कृत, प्राकृत, हिंदी

(D) पालि, संस्कृत, अपभ्रंश, हिंदी

92. पंचम वर्णमाला के अनुसार पंचम अनुनासिक ध्वनियों का संगत वर्ग है :

(A) ङ, ञ, ण, न, म

(B) न, म, ड़, ण, ञ

(C) ञ, न, म, ङ, ण

(D) ण, ञ, न, म, ङ

93. कृष्ण काव्यधारा के कवियों का संगत वर्ग कौनसा है ?

(A) सूरदास, नंददास, छीतस्वामी, गोविंदस्वामी

(B) गोविंददास, नंददास, छीतदास, हितदास

(C) सूरदास, रामदास, जनकदास, हरिदास

(D) गोविंद, मीरा, नंद, हरि

94. हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार भक्ति काव्य की उपधाराओं का संगत वर्ग क्या है ?

(A) निर्गुण भक्ति, कृष्ण भक्ति, राम भक्ति, प्रेम काव्य

(B) प्रेमाश्रय काव्य, निर्गुण काव्य, राम काव्य, कृष्ण काव्य

(C) निर्गुण, सगुण, राम काव्य, कृष्ण काव्य

(D) सगुण, निर्गुण, कृष्ण भक्ति, राम भक्ति

95. कॉलरिज की प्रमुख रचनाओं का संगत वर्ग है :
(A) बायोग्राफिया लिटरेरिया, द टेबल टाल्क, द फ्रेंड, लेक्चर्स आन शेक्सपीयर
(B) क्रियेटिव क्रिटिसिज्म, बायोग्राफिया लिटरेरिया, द फ्रेंड, द टेबल टाल्क
(C) बायोग्राफिया लिटरेरिया, एपॉलॉजी फार पोयट्री, लेक्चर्स आन शेक्सपीयर, द टेबल टाल्क
(D) स्कूल आफ एब्यूज़, बायोग्राफिया लिटरेरिया, द टेबल टाल्क, द फ्रेंड

96. रूसी रूपवाद के प्रवर्तकों का संगत वर्ग है :
(A) बोरिस एकेनबाम, विक्टर श्कैलोब्सकी, रोमन जैकोब्सन, लेविस स्त्रौस
(B) माइकेल फूको, बोरिस एकेनबाम, विक्टर श्कैलोब्सकी, बोरिस तोमरस्जेबस्की
(C) बोरिस एकेनबाम, विक्टर श्कैलोब्सकी, रोमन जैकोब्सन, बोरिस तोमरस्जेबस्की
(D) बोरिस एकेनबाम, विक्टर श्कैलोब्सकी, रोलां बार्थ, रोमन जैकोब्सन

97. खड़ी बोली हिंदी के विकास में योगदान देने वाली संस्थाओं का संगत वर्ग कौनसा है ?
(A) फोर्ट विलियम कालेज, आर्य समाज, नागरी प्रचारिणी सभा, दक्षिण भारत प्रचार सभा
(B) थियोसोफिकल सोसाइटी, फोर्ट विलियम कॉलेज, आर्य समाज, नागरी प्रचारिणी सभा
(C) दक्षिण भारत प्रचार सभा, थियोसोफिकल सोसाइटी, फोर्ट विलियम कॉलेज, आर्य समाज
(D) आर्य समाज, थियोसोफिकल सोसाइटी, दक्षिण भारत प्रचार सभा, नागरी प्रचारिणी सभा

98. इनमें से गांधीवादी कवियों का संगत वर्ग कौनसा है ?
(A) सोहनलाल द्विवेदी, सियारामशरण गुप्त, दिनकर, भवानी प्रसाद मिश्र
(B) दिनकर, भवानी प्रसाद मिश्र, मैथिलीशरण गुप्त, सियारामशरण गुप्त
(C) सियारामशरण गुप्त, सोहनलाल द्विवेदी, मैथिलीशरण गुप्त, भवानी प्रसाद मिश्र
(D) दिनकर, मैथिलीशरण गुप्त, भवानी प्रसाद मिश्र, सोहनलाल द्विवेदी

99. सूरदास से संबंधित निम्नलिखित रचनाओं का संगत वर्ग है :
(A) रस मंजरी, सूरसागर, सूर सारावली, भ्रमरगीत
(B) भ्रमरगीत, सुदामाचरित, रस मंजरी, सूरसागर
(C) रूप मंजरी, सूरसागर, साहित्य लहरी, भ्रमरगीत
(D) सूरसागर, साहित्य लहरी, सूर सारावली, भ्रमरगीत

100. निम्नलिखित कवियों के संगत वर्ग की पहचान कीजिए :
(A) कबीर, सेन, धन्ना, पीपा
(B) कबीर, सेन, रामानंद, पीपा
(C) कबीर, सेन, नरहर्याचार्य, पीपा
(D) पीपा, तुलसी, सेन, कबीर

## ROUGH WORK